nt>

Title: Need to provide medical and financial assistance to the tribal people affected by diseases in Mandala district of Madhya Pradesh.

श्री फग्गन सिंह कुलस्ते (मण्डला) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश के मंडला आदिवासी जिले में लगातार एक माह से भयंकर उल्टी दस्त बीमारियों से लगभग दो सौ लोगों की मौतें हुई हैं तथा आज भी मौदों का क्रम जारी है। अनेक क्षेत्रों में इसकी सूचनाएं दिन प्रदि दिन मृत्यु की मिल रही हैं। वर्तमान में सम्पूर्ण म.प्र. एवं ि वशेषकर मंडला आदिवासी जिले में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा अपनी मागों को लेकर काम ठप्प किए हुए हैं। अतः भारत सरकार से मैं विनम्र अनुरोध करता हूं कि पिछड़े आदिवासी जिलो के हित में मृत्यु एवं बीमारी पर रोक लगाए जाने हेतु उचित रोकथाम की जाए एवं मृतक के परिवारों को उचित सहायता राशि दी जाए।